Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to lift ban on export of onion -laid.

डॉ. सुजय विखे पाटील (अहमदनगर): वाणिज्य मंत्रालय ने 14 सितम्बर को प्याज के निर्यात पर प्रतिबन्ध लगा दिया था। प्याज की उपज करने वाले किसान कोरोना महामारी के कारण परेशान हैं और देश के 70 प्रतिशत प्याज का निर्यात महाराष्ट्र से होता है। इस प्रतिबन्ध से नासिक, अकोला और मेरे लोक सभा क्षेत्र अहमदनगर जैसे प्याज उगाने वाले क्षेत्रों के किसान को हानि होगी।

मेरा सरकार से विनम्र आग्रह है कि इस प्रतिबन्ध को तुरन्त हटाया जाए और प्याज के दामों को नियंत्रित करने के लिए नेफेड द्वारा बफर स्टॉक में रखे एक लाख टन को बाजार में लाया जाए जिससे देश में प्याज के दाम नियंत्रित हो सके और किसान अपने उपज विदेशों में निर्यात करके लाभान्वित हो सकें। इसके अतिरिक्त पूरी तरह प्रतिबन्ध न लगाकर एक न्यूनतम निर्यात मूल्य कर दिया जाए जो हमारी सरकार ने 2015, 2017, 2018 और 2019 में भी लागू किया था जब प्याज के दामों में बढ़ोतरी हुई थी।